APRIL 2022

Monthly Magazine
Year 8 Issue 4

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सतयुग

NARAYAN REIKI IN GIVING WE BELIEVE

PEACE LOVE RESPECT FAITH CARE HEALTH WEALTH SUCCESS HAPPINESS

IN GIVING WE BELIEVE

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

बुधवार सतसंग

प्रत्येक बुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसबुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसबुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

स्वर्णिम छः

१- नारायण प्रार्थना : अपने बाएं हाथ की कलाई को अपने दाहिने हाथ से पकड़कर पूरी प्रार्थना कहे। फिर अपने बाएं हाथ में अपना दाहिना हाथ रखें और राम राम २१ (आपने अपने आप को नारायण के हाथ में सौंप दिया)

२- सूर्यकिरण ध्यान : हर रोज सुनहरी सूर्य किरणें जो आपके घर में प्रवेश कर रही हैं उनसे प्रार्थना करें कि घर के प्रत्येक कोने में फैलें और अपने साथ खुशी, आनंद, उत्साह, सुख, शांति, समृद्धि, प्यार, आदर, सम्मान, अच्छी आदतें, स्वस्थ रिश्ते और स्वास्थ्य की संजीवनी ले कर आए। आप किसी भी अन्य विशिष्ट इच्छा की कल्पना कर सकते हैं। घर और परिवार के सदस्यों को सूर्य किरणों से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कल्पना करें। पांच मिनट तक आँख बंद कर कल्पना करें। राम राम ५६ करें।

३ - लॉकर्स एनरजाइज करना : अपने लॉकर, पर्स आदि को एनरजाइज करें जहां आप अपने पैसे और कीमती सामान रखते हैं। अपने लॉकर या उस स्थान को जहां आप धन रखते हैं, उसमें सभी मूल्यवर्ग के नए नोटों के बंडल + चांदी के सिक्के + गहने और अन्य क़ीमती सामान को विज़ुअलाइज़ करें। फिर उससे बातचीत करते हुए कहे- आप मेरे लिए शुभ हैं।आप मेरे लिए भाग्यशाली हैं, आप में रखे धन की बढ़ोत्तरी होती जाती है। फिर धन को आशीर्वाद दें और कहे -आपसे प्रार्थना है कि जब भी आप किसी के पास जाएं- उनकी आवश्यकताओं को पूरा करके, दूसरे व्यक्ति को बरकत बढ़ोतरी का आशीर्वाद देकर, गुणकों में मेरे पास वापस आ जाएं। अपने लॉकर को आशीर्वाद देते हुए कहो कि मैं आपको प्यार करता हूं, आपको पसंद करता हूँ, आपका सम्मान करता हूं। नारायण ब्लेस्स यू। (I love you.I like you, I respect you ,Narayan bless you.) फिर राम राम ५६ करें। यह समृद्धि को आकर्षित करेगा

४. डाइनिंग टेबल को एनरजाइज़ करना : चो-कू-रे, एलआरएफसी, शांति और लकी सिंबल के साथ अपनी डाइनिंग टेबल को एनर जाइज़ करें । इस आशीर्वाद के साथ कि सभी परिवार के सदस्यों को भोजन के रूप में प्रसाद का आशीष मिल रहा है, जो उन्हें स्वस्थ रखेगा। आप ऐसे भी कह सकते हैं, इस प्रसाद की मदद से शरीर का आदर्श वजन प्राप्त कर लिया है और भोजन संजीवनी / अमृत में परिवर्तित हो जाता है। सभी में बहुत सारा प्यार, सम्मान, देखभाल, विश्वास और समझ भर दो। राम राम ५६ करें आप दोनों ३ और ४ को एक साथ कर सकते हैं । बाएं हाथ पर प्रतीक बनाएं और खाने की मेज और अन्य जगह की कल्पना करें जहां भोजन खाया जाता है। कल्पना करें कि दाएं हाथ की ऊर्जा लॉकर को प्राप्त हो रही है। लॉकर के साथ बातचीत करें जैसा कि चरण ३ में बताया गया है। अगर आप सिंबल नहीं जानते हैं तो बिना उसके भी कर सकते हैं।

५-शांति कलश ध्यान : एक आरामदायक स्थिति और आसन में बैठें। अपनी आंखों को बंद करे और अपनी गोद में हाथों को कप आकार में रखें। ब्रह्मांड में शांति और ऊर्जा से भरे एक सुंदर सुनहरे पॉट (कलश) को विज़ुअलाइज़ करें। इस कलश के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश करें और इससे शांति की ऊर्जा का बहाव अपने क्राउन चक्र पर कल्पना करें जो आपके सिर के ऊपर है। इस प्रक्रिया में कुछ २-३ मिनट लग सकते हैं।फिर निम्नलिखित बयान कहना है

नारायण आपका धन्यवाद है, हमारे भीतर असीम शांति है, असीम शांति है, असीम शांति है।

इस वाक्य को अपनी उंगलियों पर १४ बार दोहराएं और महसूस करें कि यह ऊर्जा आपके सिर से नीचे की ओर बह रही है और कल्पना करें कि शरीर के सभी हिस्सों और कोशिकाओं में भर रही है। यह आपको शांत और शांतिपूर्ण बनाता है।

६. वैल्यू एडिशन : जब भी आप किसी को कुछ भी वस्तु देते हैं .... भोजन, पैसा, उपयोग आने वाली कुछ भी चीज़ या वो चीज दे रहे हैं, जिसकी आपको ज़रूरत नहीं है ... इसे नारायण नारायण कह कर ब्लेस्स करें और मुस्कुराहट के साथ दें।

उन चीजों के लिए जो आप दे रहे हैं क्योंकि उनकी अब और ज़रूरत नहीं है, उन्हें धन्यवाद कहें।

जब आप उनमें मूल्य जोड़ते हैं, तो आप शुभकामनाओं से सक्रिय करते हैं व आप कह सकते हैं, जिसके पास वह जा रही है उस व्यक्ति को आशीर्वाद दे गुणकों में आपके पास वापस आ जाए।

उन चीज़ों के लिए जो आप बहुतायत में वापस चाहते हैं आप- राम राम २१ / राम राम ५६ कर सकते हैं।

।।卐 ।।

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,
।। नारायण नारायण ।।

आप सभी को आपके अपने प्रिय online नारायण भवन कि सालगिरह पर हार्दिक शुभकामनाएं ।

नारायण भवन के बारे में, आज मैं आपसे अपने मन कि बात करना चाहती हूँ । जब टीम ने ट्रस्ट के सामने अपना प्रस्ताव रखा, तो नया विचार होने के बावजूद सभी ने हामी भरी और हमेशा कि तरह टीम लग गई अपने काम पर । मेरे मन में यह दृढ़ विश्वास था कि जितना प्यार, दुलार NRSP को मिलता रहा है उसके चलते सफलता निश्चित है । नारायण भवन में शुरू के नौ दिन पूरे हुए तो सतसंगियों कि अपार सहभागिता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि भवन को हनुमान जयंती तक बढ़ा दिया जाए । हनुमान जयंती तक जब भवन का विस्तार हुआ तो सतसंगियों ने इसे और आगे ५६ दिनों तक करने का अनुरोध किया । जब ५६ दिन पूरे हुए तब तक सतसंगियों का सहयोग और नारायण भवन के सतसंग से होने वाले लाभों को देखते हुए, टीम का और अपने परिवार के सहयोग ने यह विचार दिया कि नारायण भवन को जारी रखा जाए ।

शुरू में यह लगा कहाँ सप्ताह का एक सतसंग कहाँ हर रोज के दो सतसंग सत्र, कैसे होगा ? तभी मन के कोने से आवाज आई अगर बारंबार इस भवन को जारी रखने की डिमांड आ रही है, बार- बार मेरा मन प्रफुल्लित सा इस भवन को जारी रखने का हो रहा है, बार- बार उत्साहित सी टीम नए- नए सुझावों के साथ आ रही है तो यह ही नारायण कि मर्जी है क्योंकि यह जो भवन कार्यशील है बस उसकी मर्जी है ।

ब्रह्म मुहूर्त का सत्र, दोपहर का सत्र सारी जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ- सर्वोत्तम तरीके से निभ रहे हैं । मैं प्रकृति के आगे बार- बार नतमस्तक होती हूँ जिसने इस अच्छे कार्य के लिए मुझे और मेरी टीम को चुना । एक विश्वास बहुत अधिक दृढ़ हुआ कि यदि आप ईमानदारी से, किसी कार्य को करने के लिए अपना १००% देते हैं तो प्रकृति आपको गुणकों में लौटाती है । हम सबके लाडले नारायण भवन का प्रथम जन्मदिन और आने वाले अनंत जन्म दिनों कि आप सभी को हार्दिक बधाई ।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-

संध्या गुप्ता

09820122502

-: प्रधान कार्यालय :-

राजस्थानी मं डल कार्या लय

बेसमेंट रजनीगं धा बिल्डिं ग, कृ ष्ण वाटिका मार्ग ,

गोकुल धाम, गोरेगां व (ई), मुं बई - ४०० ०६३.

-: क्षेत्रीय कार्यालय :-

अहमदाबाद	जैविनी शाह	:	9712945552
आगरा	अंजनामित्तल	:	9368028590
अकोला	रिया / शोभा अग्रवाल	:	9075322783/ 9423102461
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	:	9422855590
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	:	9341402211
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	:	7045589451
बड़ोदा	दीपा अग्रवाल	:	9327784837
भंडारा	गीता शारडा	:	9371323367
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	:	8947036241
बस्ती	पूनम गाड़िया	:	9839582411
भोपाल	रेनूगट्टानी	:	9826377979
बीना (मध्यप्रदेश)	रश्मि हुरकट	:	9425425421
बनारस	अनीता भालोटिया	:	9918388543
दिल्ली (पश्चिम)	रेनू विज	:	9899277422
दिल्ली (पूर्व)	मीनू कौशल	:	9717650598
दिल्ली (प्रीतमपुरा	मेघा गुप्ता	:	9968696600
धुले	कल्पना चौरोडिया	:	9421822478
डिब्रूगढ	निर्मलाकेडिया	:	8454875517
धनबाद	विनीता दुधानी	:	9431160611
देवरिया	ज्योति छापरिया	:	7607004420
गुवाहाटी	सरला लाहौटी	:	9435042637
गुडगाँव	शीतल शर्मा	:	9910997047
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	:	9326811588
गाजियाबाद	करुणा अग्रवाल	:	9899026607
गोरखपुर	सविता नांगलिया	:	9807099210
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	:	9247819681
हरियाणा	चन्द्रकला अग्रवाल	:	9992724450
हींगन घाट	शीतल टिबरेवाल	:	9423431068
इंदौर	धनश्री शिरालकर	:	9324799502
इचलकरंजी	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
जयपुर	सुनीता शर्मा	:	9828405616
जयपुर	प्रीती शर्मा	:	7877339275
जालना	रजनी अग्रवाल	:	8888882666
झुंझुनू	पुष्पा टिबरेवाल	:	9694966254
जलगाँव	कला अग्रवाल	:	9325038277
कानपुर	नीलम अग्रवाल	:	9956359597
खामगांव	प्रदीप गरोदिया	:	8149738686
कोल्हापुर	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
कोलकत्ता	सी .एसंगीता चांडक	:	9330701290
कोलकत्ता	श्वेता केडिया	:	9831543533
मालेगांव	आरती चौधरी/रेखा गरोडिया		9673519641/ 9595659042
मोरबी (गुजरात)	कल्पना जोशी	:	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	:	9373101818
नांदेड	चंदा काबरा	:	9422415436
नासिक	सुनीता अग्रवाल	:	9892344435
नवलगढ़	ममता सिंगरोडिया	:	9460844144
पिछौरा	स्मिता मुकेश भरतिया	:	9420068183
परतवाडा	राखी अग्रवाल	:	9763263911
पूना	आभा चौधरी	:	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	:	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	:	9434012619
रायपुर	अदिति अग्रवाल	:	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	:	9431115477
रामगढ़	पूर्वी अग्रवाल	:	9661515156
राउरकेला	उमा देवी अग्रवाल	:	9776890000
शोलापुर	सुवर्णा बल्दावा	:	9561414443
सूरत	रंजना गाडिया	:	9328199171
सीकर	सुषमा अक्षवाल	:	9320066700
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुंधडा	:	9564025556
विशाखापत्तनम	मंजू गुप्ता	:	9848936660
उदयपुर	गुणवंती गोयल	:	9223563020
विजयवाड़ा	किरण झंवर	:	9703933740
वर्धा	अन्नपूर्णा	:	9975388399
यवतमाल	वंदना सूचक	:	9325218899

। । 卐 । ।

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

।। नारायण नारायण ।।

पिछले दिनों, वर्चुअल नारायण भवन ने अपना पहला जन्मदिन मनाया। सतसंगियों और भवन टीम का उत्साह देखते ही बनता था। इस पूरे वर्ष भवन से अनेकों सतसंगियों ने अनेकों बातें सीखीं, उन्हें जीवन में उतारा और अपने जीवन को सप्तसितारा बनाया। हमने १०० सतसंगियों और ९ दिनों का लक्ष्य रखा था जो आज लगभग ३० हजार परिवारों और अनंत सतसंग में परिवर्तित हो चुका है।

तो बस टीम सतयुग ने सोच क्यों न अपने सुधि पाठकों, को इस अद्भुत, ऑन लाइन भवन कि कहानी बताई जाए।

बस इस अंक में जाने नारायण भवन कि कहानी।

सप्त सितारा जीवन कि शुभकामनाओं सहित-

आपकी अपनी

संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं। आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है। अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं।

हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net

narayanreikisatsangparivar @narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार

मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.

Call : 022-67847777

||नारायण नारायण||

सतयुग का शंखनाद

राज दीदी कहती हैं आप जैसा सोचते विचारते हैं, जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं आपका जीवन वैसा ही बनता जाता है। दीदी के इस सिद्धांत को स्थापित करता है हमारा वर्चुअल नारायण भवन।

एक विचार जन्मा, पनपा और जिसने बहुत तेजी से अपनी जड़ें जमाईं और तेजी से सतसंगियों के दिलों में जगह बनाता हुआ नारायण भवन विश्व भर के लोगों के दिल में जगह बनाता हुआ आज अपने जीवन के प्रथम पायदान, प्रथम जन्मदिवस को अभी हाल में ही १३ अप्रैल को मना चुका है।

कहानी बहुत ही रोचक है। लॉक डाउन का समय था। जगह- जगह प्रार्थनाएं हो रही थीं। ऐसे में किसी व्यक्ति विशेष के लिए की गईं प्रार्थनाओं ने अपना असर दिखाया तो टीम के मन में ख्याल आया कि यदि NRSP के बैनर तले इस तरह कि online प्रार्थनाएं की जाएँ तो कितना अच्छा हो।

इस विचार को ट्रस्टीज और दीदी के सम्मुख रखा गया जिसकी सहर्ष अनुमति मिली और यह सुझाव रखा गया कि नारायण भवन को प्रयोग के लिए सिर्फ नौ रात्रि तक और १०० लोगों के ज़ूम पर प्रारंभ किया जाए। इस नौ दिनों में कोर कमिटी, ट्रस्टीज़, सेंटर हेड्स, नारायण धाम कि साधिकाएं, रेडियंट स्टार्स, और NRSP के बहुत से सतसंगियों ने देश, विदेश से अपनी सेवाएं दीं। बड़ों से लेकर बच्चों तक सबने अपनी सेवाएं दीं। ससुराल, मायका, दोस्त, मित्र सहेलियाँ, सहायक, डाक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, मैनेजमेंट गुरु से लेकर होम मेकर तक सभी जुड़े। सबके लिए नारायण भवन कि प्रार्थनाएं उत्सव स्वरूप रहीं। हर घर में उत्सव सा माहौल बन गया। हजारों कि संख्या में लोग ब्रह्म मुहूर्त और दोपहर कि साधना से जुड़े और ऐसे जुड़े कि घर कि जिम्मेदारियों को और अधिक बेहतर तरीके से अंजाम देते हुए, संबंधों को और अधिक मिठास से भरते हुए, बड़ों का सम्मान करते हुए, अपनी गलतियों कि क्षमा माँगते हुए और गलतियों को कभी न दोहराने का कमिटमेंट करते हुए लोग हजारों कि संख्या में इस जोड़ को मजबूत, और मजबूत, गहरा और गहरा, और दृढ़, और दृढ़ करते गए। टीम के साथ- साथ हर सतसंगी तन, मन, धन से भवन कि उन्नति, प्रगति कि कामना करता है। नए- नए सुझाव प्रतिदिन टीम के पास पहुँचते हैं जिनपर NRSP अमल करता है और भवन को अधिक- से अधिक लाभप्रद बनाने के लिए दीदी अपनी टीम के साथ प्रयासरत हैं। भवन कि परिकल्पना हुई। कोर कमिटी ने रात-रात जागकर लिस्ट बनाई, किसी ने ज़ूम को संभाला, किसी ने विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया और बस तैयार हो गया नारायण भवन राज दीदी के सान्निध्य में लोगों के जीवन को सप्त सितारा बनाने के लिए।

पर नारायण भवन ने जो दिया वह अद्भुत है, अद्वितीय है, अविस्मरणीय है, अलौकिक है। नारायण रेकी सतसंग परिवार घनिष्ठ आपसी संबंधों पर बल देता है। संबंधों को मजबूत बनाए रखने लिए एक अनोखी साधना राज दीदी के माध्यम से भवन में बताई गई। हमारे संबंध मजबूत होते हैं हमारे विचार, वाणी, व्यवहार के सकारात्मक उपयोग से। दीदी ने सुझाया कि अपने विचार, वाणी, व्यवहार को हर घंटे पर चैक करना है कि हम एक घंटे में कितनों के चेहरे कि मुस्कान कि वजह बने और कितने के चेहरों कि खुशी हमारे विचार व व्यवहार के कारण गई। जितने लोगों कि मुस्कान का कारण हम बने उतने ग्रीन स्टार स्वयं को दें और जितने चेहरों कि मुस्कान हमारे कारण गायब हुई उन्हें रेड स्टार दें। निरंतर यह प्रयास करें कि आपके जीवन में हरे स्टारों कि संख्या बढ़ती रहे। इसके लिए आपको अपनी विचार, वाणी, व्यवहार को सकारात्मक रखना होगा। याद रखें किसी के चेहरे कि

मुस्कान आपकी बात से ज्यादा जिस टोन में वह बात कही गई उस वजह से जाती है। हर घंटे कि यह **आत्म चैक पॉइंट पद्धति** आपको एक श्रेष्ठ मनुष्य की श्रेणी में सहज ही ला खड़ा करेगी।

जीवन में से नकारात्मकता को उखाड़ फेंकने के लिए एक बहुत ही सरल उपाय जो नारायण भवन से दीदी ने बताया वह है **फिंगर साधना**। जहां आपको नारायण से प्रार्थना करनी है कि आपके भीतर कि सारी नकारात्मकता बाहर निकल गई है और आप सकारात्मक ऊर्जा से भर गए हैं और हर एक फिंगर को पकड़कर सवा मणि कि माला करनी है यदि आप अकेले बैठकर यह साधन कर रहे हैं। पर यदि आप समूह में या भवन में चल रहे सत्रों में बैठकर **फिंगर साधना** कर रहे हैं तो दोनों हाथों कि उंगलियों को आपस में फंसा कर राम-राम २१ भी कर सकते हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दीदी ने परंपरागत **साष्टांग प्रणाम** कि प्रक्रिया सतसंगियों को सिखाई। दीदी ने बताया कि जब हम धरती माता को प्रणाम करते हैं तो धरती माता हमारे भीतर कि नकारात्मकता को अपने भीतर सोख लेती है और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होना शुरू हो जाता है। इसी प्रकार जब हम घर के बड़ों को, बुजुर्गों को साष्टांग प्रणाम करते हैं तो उनका आशीर्वाद हमें प्राप्त होता है और हमारा जीवन सातों सुखों से परिपूर्ण हो जाता है। दीदी ने कहा माता–पिता इस धरती पर जीते, जागते भगवान हैं। वो सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इन साक्षात ईश्वर कि सेवा करने का अवसर मिलता है। संबंध सुधार कि प्रक्रिया में भवन से एक और साधना बताई गई – **प्लांट साधना**। दीदी ने कहा कोई भी एक प्लांट लें, यदि तुलसी प्लांट ले रहें हैं तो सर्वोत्तम। उस प्लांट को एक नाम दें। उसे अपना मित्र मानें। आपका यह मित्र संदेश वाहक का काम करेगा। आप जिस भी व्यक्ति को कोई मेसेज देना चाहते हैं जो आप उसे रूबरू नहीं दे सकते तो अपने मित्र प्लांट से कहें कि आपका मेसेज उस व्यक्ति को दे दें। सतसंगियों ने इस साधन को जीवन में उतारा और अनेकों लाभ उठाए। इस संबंध में दीदी ने **विनम्रता को अपनाने** कि सलाह दी और विनम्रता आसानी से जीवन में उतार जाए इसके लिए एक सिम्बल भी भवन में दिया गया। कई लोगों ने यह शेयर किया कि उन्होंने विनम्रता का गहन पहना और उनके परिजनों से उन्हें कोंपलीमेंट्स तो मिले ही रिश्तों में सुधार हुआ और उन्नति, प्रगति, सफलता के मार्ग खुले हैं।

कन्फेशन और कमिटमेंट का दौर भवन में प्रारंभ हुआ। जहां एक ओर लोगों ने हजारों की मौजूदगी में अपनी गलती मानी वहाँ हीं दूसरी ओर उन गलतियों को न दोहराने का कमिटमेंट लिया। साथ ही जिनको उन्होंने हर्ट किया था उनके सुख, शांति, सेहत समृद्धि के लिए जप और तप भी किए। सतसंगियों ने अपनी इच्छापूर्ति के लिए जप और तप का सहारा लिया। लोगों ने अपनी मनपसंद खाद्य पदार्थ छोड़े तो किसी ने विशेष क्रियाएं करने का तप लिया। इसका दोहरा लाभ हुआ। लोगों कि विश तो पूरी हुयी हीं लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ। कन्फेशन और **क्षमादान कि प्रक्रिया** ने लोगों को मन से मजबूती प्रदान की। एक के कन्फेशन ने हजारों को अपनी गलती मानने, उन्हें सुधारने के लिए प्रेरित किया।

रविवार को होने वाली **समृद्धि साधना** ने सतसंगियों के व्यापार में उन्नति प्रदान की। बहुतों को नए जॉब उनके मनचाहे पैकेज के साथ मिले। बहुतों का रुका हुआ धन वापस मिल और जीवन में समृद्धि के नए नए मार्ग खुले। **कार्मिक हीलिंग** के माध्यम से कार्मिक खातों को बैलन्स किया गया जिससे उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार खुले। बहुतों कि शादियाँ हो गयीं, बहुत सी महिलाओं ने गर्भधारण किया बहुत से लोगों के रुके हुए काम सहज ही पूरे हो

।।卐।।

गए। दीदी द्वारा अच्छी आदतों के विकास के लिए कि गई साधना से बच्चों के भीतर जो अच्छी आदतें थीं उनका विकास हुआ और नकारात्मक आदतें बाहर हो गयीं। दीदी ने **बिजली और पानी कि बचत का सुझाव** दिया जिसपर चलकर सतसंगियों ने लाखों के बिल को हजारों में परिवर्तित कर लिया। **जल को संजीवनी बूटी** बनाने के आसान उपाय ने बड़ी ही सहजता से हमें स्वास्थ्य लाभ दे दिया। **नारायण कवच,लक्ष्मण रेखा, विनम्रता, कमिट्मेंट और शक्ति सिम्बल देकर भवन ने सत सतसगियों कि झोली को अनेकों दैवीय उपहारों से भर दिया।**

इस अद्भुत, अविस्मरणीय, अदवतीय, अविरल, अनंत नारायण भवन को शत- शत नमन जिसने अपने सान्निध्य में लोगों को जीवन कि एक नई राह दिखाई। दिल कि गहराइयों से अभिनंदन जिन्होंने नारायण भवन में पल-पल सेवाएं दीं। शुक्रिया उन सभी का जो प्रतिदिन इस नारायण भवन के साथ चल रहे हैं। धन्यवाद राज दीदी का हेज का जिसने इस नवीन इतिहास को रचा और एक ऐसे समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहा है जो सतयुग के पुन:रागमन कि आहट है।



ज्ञान मँजूषा

।। 卐 ।।

ज्ञान मंजूषा ऐसा स्तंभ है जिसके माध्यम से हम दीदी कि वाणी पाठकों तक पहुँचाते हैं । जब से ऑन लाइन नारायण भवन में प्रार्थनाएं शुरू हुई हैं तब से हम नारायण रेकी सतसंग परिवार के खजाने से पाठकों के लिए चुनींदा बातें पाठकों के लिए लाते हैं । पेश हैं ऐसे ही चुने हुए ज्ञान के कुछ मोती विभिन्न किरदाकरों के माध्यम से :-

विजयलक्ष्मी का प्रसंग :-

दीदी ने विजयलक्ष्मी जो कि अपने भाई के लिए प्रार्थना कर रही थी के माध्यम से कुछ विचार साझा किए :-

१) घर का एक सदस्य भी अस्वस्थ होता है तो हम शांति की नींद नहीं सो पाते ।

२) भाव ये आया कि अगर हम पूरी रात चैन की नींद सोए हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि उसने हमें बढ़िया नींद उपहार स्वरूप दी है बल्कि उसका मतलब ये भी है कि उसने हमारे परिवार के सदस्यों का ध्यान रखा है, उन्हें सुरक्षा प्रदान की है तभी तो हम चैन की नींद सोए है नहीं तो कहां से सोते ।

३) बात यहां पर नहीं रुकती यदि हमारे पड़ोसी को, रिश्तेदार को भी कोई परेशानी है तो उसका भी हमारी नींद पर असर होता है । तो सोचिए हमें चैन की नींद सुलाने के लिए उसे कितनोंका ध्यान रखना पड़ता है । कितनों की सुरक्षा करनी पड़ती है? हमारे परिवार के सदस्यों की, हमारे प्रियजनों की, हमारे रिश्तेदारों की ।

तो ये जो मीठी नींद आप सोते है उसके लिए सुबह उठकर कम से कम उसका धन्यवाद तो करें ।

विजयालक्ष्मी कहती हैं हमने अपने जीवन में कई चीजों को टेकन फॉर ग्रांटेड ले रखा है । हमें चैन की नींद सुनाने के लिए उसने भी तो पानी को थाम रखा है। तो क्या हमारा कर्तव्य नहीं बनता जो सुख सुविधाएं उसने दे रखी है उसका धन्यवाद प्रकट करें । आप से अधिक नहीं होता तो बस जब नींद खुले तो कहें, हे नारायण धन्यवाद मीठी नींद सुलाने के लिए । दूसरा धन्यवाद एक नया दिन देने के लिए । और साथ ही साथ जो नया दिन दिया है उसके लिए इतना शक्ति दे, इतना सामर्थ्य दे कि तेरे दिए कण- कण का क्षण- क्षण का सदुपयोग कर सकूं। विश्वास कीजिए । जब आप ऐसा करेंगे तो आपको बहुत अच्छे नतीजे मिलेंगे । इतनी प्रार्थना, हे नारायण आपका धन्यवाद है । आप हर पल हर क्षण हमारे साथ है इसलिए आज का दिन हमारे जीवन का सर्वोत्तम दिन है, सर्वश्रेष्ठ दिन है प्यार आदर सम्मान प्रशंसा सफलता जैकपॉट से भरा हुआ । यह प्रार्थना आपका जीवन बदल देगीरात को सोने से पहले ये दो पंक्तियां जरूर बोल और सात दिन में इसके चमत्कार देख लीजिए। रात को सोने से पहले, 'हे नारायण आपका धन्यवाद है आजीवन स्वस्थ रहने का वरदान देने के लिए इसलिए हम पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं, स्वस्थ हैं, स्वस्थ हैं ।

यह विचार आपके अवचेतन मन में जाएगा और वैसे केमिकल छोड़ेगा कि आप स्वस्थ रहेंगे । जब आप प्रार्थना करते हैं तो यह आपको औरा के इर्द गिर्द एक सुरक्षा कवच तैयार हो जाता है और यह आपको नकारात्मक तरंगों से बचाता है । इतनी सी प्रार्थना आपकी औरा में दिन प्रतिदिन आपकी परिवर्तन लाएगा । नारायण धन्यवाद ।

राजा द्रुपद का प्रसंग :-

राजा द्रुपद अपनी बेटी द्रोपदी का विवाह करना चाहता था । ऐलान करवाया और एक प्रतियोगिता रखी इस

प्रतियोगिता में जो जीतेगा वही उनकी बेटी द्रोपदी का हाथ थामेगा। और बहुत सारे राजकुमार द्रोपदी का हाथ थामने के लिए तैयार थे । प्रतियोगिता थी ऊपर घूमती हुई मछली की आंख को नीचे पानी में देखकर तीर चलाना था । जिस दिन प्रतियोगिता थी उसके पहले दिन की बात है भगवान श्री कृष्ण अर्जुन से कह रहे थे। जब तुम प्रतियोगिता स्थल के निकट जाओगे तो कदम धीरे-धीरे आगे बढ़ाना और अपना पूरा ध्यान मछली की आंख पर ही रखना । अर्जुन कृष्ण की पूरी बात सुने बिना झट से बोल पड़ा। सब कुछ मैं ही करूंगा तो आप क्या करेंगे । भगवान श्री कृष्ण ने विनम्रता से उत्तर दिया, 'जो तू नहीं कर सकता'। 'भगवान में क्या नहीं कर सकता'? 'तुम पानी को स्थिर नहीं रख सकते'।

मीरा का प्रसंग :-

हमें हमारे जीवन में कितने सारे मौके मिलते हैं दूसरों की मदद करने के लिए । यह हमारे ऊपर है हम कितने क्षणों को पकड़ लेते हैं कि हाँ हम मदद करेंगे । और मदद सिर्फ रुपयों पैसों से ही होती है ऐसा नहीं है । किसी ने अपने मन की बात कर ली आपने सुन ली सहानुभूति जता दी यह भी मदद है । किसी ने कोई अच्छा सा कार्य किया चाहे छोटा सा ही हो आपने प्रशंसा कर दी यह भी एक मदद है । किसी की मुस्कान का कारण बने यह भी एक मदद है ।

बराक ओबामा का कथन :-

यदि आप निराश हैं उठिए घर से बाहर निकलिए, इंतजार मत कीजिये कि कोई आएगा सहायता देगा तो आपको अच्छा महसूस होगा । बाहर निकलिए दूसरों की मदद कीजिए । इस दुनिया को आशा से भरिए आप अपने आप ही आशा से भर उठेंगें । जब आपके मन में मदद करने का भाव आया तो आप महसूस करेंगे कि शरीर में सकारात्मक तरंगे प्रवाहित होनी शुरू हो गयीं और उन्होंने समृद्धि को आकर्षित कर लिया । यदि आपकी खुद कि औरा कमजोर है तो किसी सशक्त आभामंडल से जुड़ जाइये । धागे में खुद में सामर्थ्य नहीं है किसी के गले का हार बनने के लिए पर जब इसमें फूल पिरो दिए जाते हैं तो ईश्वर के गले का हार बन जाता है । अच्छे कार्य करें और अपनी ओरा को मजबूत बनाएं । आप अपने जीवन में सभी अच्छी चीजों को आकर्षित करेंगे ।

श्री गौतम बुद्ध का प्रसंग :-

भगवान बुद्ध ने कहा था कि आप नकारात्मक विचारों और व्यवहार से नकारात्मकता को दूर नहीं कर सकते । नकारात्मक विचार और नकारात्मक व्यवहार नकारात्मक परिणाम देते हैं । अच्छे विचार और अच्छे कार्य सकारात्मक परिणाम देते हैं । दीदी ने समझाया कि क्रोध, निंदा जैसे विभिन्न रूपों में हमारे भीतर नकारात्मक ऊर्जा रहती है, लेकिन इन सभी में से ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार सबसे नकारात्मक और बहुत नुकीली ऊर्जा हैं, यह हमारी औरा को तार- तार कर देती है, उसकी रिपेयरिंग भी नहीं हो सकती है ।

एक शिक्षिका का प्रसंग :-

दीदी ने एक सच्ची जीवन घटना सुनाई। एक महिला जो शिक्षिका थी अपनी ११ साल की बेटी की काउंसलिंग

के लिए दीदी के पास गई। महिला ने दीदी के साथ साझा किया, कि वह स्कूल में एक शिक्षिका थी और चाहती थी कि उसकी बेटी ईमानदारी से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करे। महिला ने बताया कि तमाम कोशिशों और उचित देखभाल के बावजूद उनकी बेटी अधिक लापरवाह, गैर जिम्मेदार और जिद्दी होती जा रही है। दीदी ने पूछा कि उसके परिवार में कितने सदस्य हैं, महिला ने कहा कि उसका पति, उसकी बेटी और उसकी सास उसके साथ रहती है। दीदी ने उसकी सास के साथ उसके संबंधों के बारे में पूछताछ की तो महिला ने तुरंत कहा कि वह अपनी सास को बर्दाश्त नहीं कर सकती, उनसे उसे बहुत चिढ़ होती है । दीदी ने उसे समझाया कि उसकी सास के प्रति उसकी नकारात्मक ऊर्जा उसकी बेटी पर असर दिखा रही है और उसे हर किसी के प्रति नकारात्मक व्यवहार करने के लिए मजबूर कर रही है । दीदी ने उसे प्यार का इजहार करने और अपनी सास की देखभाल करने के लिए कहा। दीदी ने उससे कहा कि उठते ही पहले उसे अपनी सास को अपनी मानसिक स्क्रीन पर देखना है और उनसे कहना है कि आई लव यू, आई लाइक यू, आई रेस्पेक्ट यू, नारायण आपको सुख, शांति, सेहत, समृद्धि, प्यार, आदर सम्मान, विश्वास, देखभाल का आशीर्वाद दें । सात बार कहना है और यही प्रक्रिया रात सोते वक्त भी दोहरानी है । दीदी के मार्गदर्शन में महिला ने ईमानदारी से इस प्रक्रिया का पालन किया, अपनी सास के प्रति उसका रवैया सकारात्मक हो गया । उसकी बेटी के व्यवहार में सुधार आ गया। महिला एक शिक्षिका थी और दीदी ने उन्हें अपने छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कहा । महिला ने अपने छात्रों को बहुत ईमानदारी और समर्पण भाव से पढ़ाया और परिणाम उनकी अपनी बेटी ने कक्षा में टॉप किया ।

एक अन्य महिला का प्रसंग :-

एक महिला का चार साल का बेटा बहुत आक्रामक था, वह अपने सहपाठियों को मारता और काटता था । अपनी माँ से बात करते हुए दीदी को पता चला कि उसकी भाभी के साथ उसके संबंध अच्छे नहीं थे। दीदी ने उसे याद करने के लिए कहा कि जब भी उसे अपनी भाभी से जलन या चिढ़ होती है तो क्या उसी वक्त बेटा स्कूल में आक्रामक व्यवहार करता है । महिला ने कहा हाँ जब भी उसे अपनी भाभी से जलन होती थी उसी दिन उसके बेटे ने स्कूल में नकारात्मक व्यवहार किया। दीदी ने उन्हें मानसिक स्क्रीन पर अपनी भाभी की कल्पना करने और सुख, शांति, समृद्धि प्यार, आदर सम्मान, विश्वास, देखभाल और आशीर्वाद भेजने की वही प्रक्रिया सिखाई । महिला ने सात दिनों तक इसका अभ्यास किया और बताया कि उनके बेटे के व्यवहार में काफी सुधार हुआ है ।

दीदी ने कहा कि जिन लोगों से आप चिढ़ते हैं या नाराज होते हैं, उन पर असर नहीं होता है, लेकिन आपकी खुद की औरा प्रभावित होती है, वह क्षतिग्रस्त हो जाती है और अच्छी चीजें आपसे दूर हो जाती हैं ।

दीदी ने समझाया कि हमें उन लोगों के प्रति अच्छा होना चाहिए जिनके साथ हम रहते हैं । अगर हमारे मन में उनके प्रति कोई नकारात्मक भावना है तो उसे विजुएलाइज करें और आशीर्वाद की उपरोक्त प्रक्रिया के साथ करके छोड़ दें ।

क्योंकि यह नकारात्मकता आपको जीवन में आगे नहीं बढ़ने देगी। जब आप उस व्यक्ति को सुख, शांति, समृद्धि और प्रेम, आदर सम्मान, विश्वास, देखभाल का आशीर्वाद देते हैं तो आप भी उसे गुणकों में आकर्षित करेंगे ।

युवा मंच

१३ अप्रैल को हमने नारायण भवन का पहला जन्मदिन मनाया। वर्चुअल नारायण भवन की स्थापना वरदान साबित हुई और मानो सबका सपना साकार हो गया। देश-विदेश के सतसंगी हमेशा राज दीदी के साथ रहना चाहते थे और उनका सत्संग सुनना चाहते थे। सामान्य समय में ऐसा होता था लेकिन यह अक्सर सम्भव नहीं था। ऑनलाइन सत्संग से न केवल एनआरएसपी सतसंगी बल्कि दुनिया भर के लोग राज दीदी के साथ दैनिक प्रार्थना से जुड़ रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्य श्रेय राज दीदी के सतयुग के दृष्टिकोण को जाता है कि हर व्यक्ति अपने विचारों, शब्दों और कर्मों में सकारात्मक हो। लेकिन इसे हकीकत में बदलने के लिए ज़ूम और यू ट्यूब के साथ रेडियंट स्टार टीम ने हर तरह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह एक सामान्य सोच है कि आज का युवा तकनीक के संपर्क में आने के कारण बिगड़ रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि यह सब व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह तकनीक का उपयोग कैसे करता है।

इसे कुम्हार के उदाहरण से अच्छी तरह समझा जा सकता है जो घड़ा और चिलम दोनों बनाता है। ठंडे पानी से भरा घड़ा सूखे गले की प्यास बुझाता है जबकि चिलम एक नशा है जो कैंसर का कारण है। हमारे रेडीयंट स्टार्स ने राज दीदी द्वारा बताए गए मूल्यों के प्रचार के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया है। ज़ूम लिंक, यूट्यूब, वीडियो व स्लाइड बनाने और संपादित करने का काम चौबीसों घंटे चलता रहता है।

एक छोटी सी टीम के साथ जो काम शुरू हुआ, उसने कई और लोगों को इस विजन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। नारायण भवन ने दुनिया भर के लोगों को बहुत सारे मूल्य सिखाए हैं जिनमें से कुछ को उँगली पर गिना जा सकता है-

समय प्रबंधन

समर्पण

धैर्य

रचनात्मकता

टीम भावना

आपसी प्यार, सम्मान, विश्वास, देखभाल और एकजुटता।

नेतृत्व और मेंटरशिप

पुराने रीति-रिवाजों का पुनरुद्धार और महत्व।

एक बार जब ये गुण आज के युवाओं में समाहित हो जाएंगे, तो उनकी संतानें स्वतः ही इन्हें अपना कर अपना जीवन संवारेंगी और इस प्रकार भविष्य की विश्व व्यवस्था उज्ज्वल और अद्भुत होगी। पिछले दो वर्षों से वैलेंटाइन डे को सार्थक दिशा देने के लिए युवाओं ने इसे प्रेम सप्ताह के रूप में मनाया।

प्रेम सप्ताह :

७ फरवरी - सफाईकर्मियों को धन्यवाद - उन्हें उपहार या कार्ड देना।

८ फरवरी - अन्नदान अभियान

९ फरवरी - वृक्षारोपण अभियान

१० फरवरी - पशुओं के लिए भोजन दान अभियान

११ फरवरी - जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री दान करना ।

१२ फरवरी - अनाथालय / वृद्धाश्रम का दौरा

१३ फरवरी - दीदी द्वारा प्यार के वास्तविक अर्थ के बारे वार्तालाप जो वास्तव में देखभाल है ।

१४ फरवरी - माता-पिता का आभार / माता पिता, गुरु ।

१३ अप्रैल, २०२१ से लेकर आज तक नारायण भवन के संचालन में रेडीयंट स्टार्स की अहम भूमिका रही है । राज दीदी के संदेश को दुनिया में फैलाने में उनका योगदान अभूतपूर्व है और सतयुग कि टीम उन्हें इसके लिए नमन करती है ।

बच्चों की फुलवारी

२४/७ प्रार्थना कक्ष का एक वर्ष। कमाल का कारनामा। इसलिए जब यह तय किया गया कि इस महीने का सतयुग का अंक इसे समर्पित होगा तो टीम उत्साह से भर गई। एक छोटा सा विचार मील का पत्थर साबित हुआ।

ऑनलाइन प्रार्थना कक्ष में आने वाले सभी लोग निश्चित रूप से इस दिव्य प्रार्थना कक्ष के लिए आभार व्यक्त करते हैं। जब भवन शुरू किया गया था तो इसका उद्देश्य विश्व भर में चल रही विपरीत परिस्थिति में लोगों को प्रार्थना के माध्यम से धैर्य प्रदान करना और जीवन को खुशनुमा बनाने के लिए मार्गदर्शन देना था। हमारे कई युवा रेडिएंट स्टार्स ने अपने माता-पिता के लिए प्रार्थना करने का अवसर को अपनाया। शुरुआती दिन मुख्य रूप से प्रार्थना के लिए समर्पित थे क्योंकि यह समय की मांग थी। शुरुआती दिनों में जब टीम प्रतिभागियों को अनम्यूट करती थी, ताकि वे राम राम २१ का जाप कर सकें, यह सभी के लिए ध्यान केंद्रित करने कि एक साधना थी ताकि उन्हें अनम्यूट किया जा सके। जब भी रेडिएंट स्टार्स के घर में माता-पिता और बुजुर्गों को जूम में शामिल होने, हाथ उठाने और राम राम को बोलने कि बारी आती रेडिएंट स्टार्स उनकी भरपूर मदद करते। इस तरह से उन्होंने अच्छे कर्म जमा किए।

फिर निर्धारित प्रार्थनाएँ हुईं, और फिर से ने रेडिएंट स्टार्स ने विभिन्न उत्सवों पर भवन में उत्सव कि रूपरेखा तैयार करने और उनको मूर्त रूप देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। लॉक डाउन कि अवधि बौद्धिक विकास का भी दौर था। भवन में रेडिएंट स्टार्स द्वारा कई नए विचार साझा किए गए, इसने बहुत से लोगों लोगों को लीडिग ए मीनिंगफूल लाइफ, और फाऊँडेशन टू सक्सेस कोर्स ज्वाइन करने को प्रेरित किया। फिर कन्फेशन और कमिटमेंट का दौर आया और फिर से हमारे रेडिएंट स्टार्स कनफेशन और कमिट्मेंट को निभाया यह दिल को छू लेने वाला था। जब छोटे- छोटे बच्चों ने झूठ न बोलने और सही रास्ते पर चलने का कमिट्मेंट लिया तो दिल से आशीर्वाद की, दुवाओं की बोछार हुई। यह तो और भी गर्व का क्षण था जब माता-पिता स्क्रीन पर आए और साझा किया कि बच्चे घर के सकारात्मक माहौल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ऑनलाइन स्पार्कलिंग स्टार कोर्स की भी सफलता का श्रेय इस नारायण भवन को जाता है। दुनिया भर के बच्चों ने एक ऑनलाइन छत के नीचे सफलता की नींव सीखी। सीमाओं से विभाजित लेकिन नारायण भवन और सभी सुनहरे मूल्यों के साथ वासुदेव कुटुम्ब के विचार से एकजुट। कमाल का कारनामा।

एक साल अच्छा बीता।

नारायण से प्रार्थना है कि यह नारायण भवन सदैव बच्चों को, युवाओं को प्रेरित करें और हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बना रहे। नारायण भवन की परिकल्पना, स्थापना और क्रियान्वयन में जिन लोगों ने अपनी भूमिका निभाई उन सभी को सतयुग की टीम नमन करती है।

रंजीता मालपानी को नारायण का समृद्धि भरा आशीर्वाद। नारायण के आशीर्वाद से रंजीता अपनी ट्यूशन क्लासेस और स्टॉक मार्केट से ५६ करोड़ रुपये साल का कमा रही हैं।

दीदी के छाँव तले

एक सतसंगी आशीष जी का यह साझा करना कि वे टीम इंडिया (महिला) के लिए बहुत ईमानदारी से प्रार्थना कर रहे थे, फिर भी वे हार गईं, इस विचार को उभारा कि जब हम स्वयं के लिए प्रार्थना करते हैं, तो हम अपने विचार, वाणी और व्यवहार पर काम करते हैं और मनचाहे परिणाम प्राप्त करते हैं, लेकिन जब हम दूसरों के लिए प्रार्थना करते हैं, जब हम एक टीम के लिए प्रार्थना करते हैं तो उनका व्यवहार, उनका चरित्र, उनकी ईमानदारी सब मायने रखती है।

माता-पिता अपने बच्चों की सफलता के लिए, उनकी शादी के लिए प्रार्थना करते हैं, लेकिन जब चीजों में समय लगता है और वह महसूस भी करते हैं, तो इसके बजाय वे उन लोगों के विचार वाणी व्यवहार (विचार, शब्द और व्यवहार) की जांच भी करें जिनके लिए वे प्रार्थना करते हैं।

नारायण भवन की सफलता नारायण की कृपा, हमारे गुरु राज दीदी के आशीर्वाद और पूरी भवन टीम, एनआरएसपी कोर टीम और उसके ट्रस्टियों और उसकी निस्वार्थ स्वयंसेवी टीम (नारायणधाम) की सकारात्मकता के कारण है। इस टीम वर्क की खूबी यह है कि हर व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ देता है, इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि एनआरएसपी के आदर्श और सिद्धांत दूर-दूर तक फैले और हर व्यक्ति सप्त सितारा जीवन जीए। टीम में प्रत्येक व्यक्ति ट्रस्ट के नियमों का राजदीदी के आदर्शों और सिद्धांतों का पालन करता है। वास्तव में, हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारा कहना, सोना, सब एनआरएसपी है। अस्तित्व एनआरएसपी की वृद्धि और प्रगति है। इस टीम वर्क के कारण ही यह ऑनलाइन प्रार्थना कक्ष अपना पहला जन्मदिन इतनी भव्यता के साथ मना सका। प्रस्तुत हैं नारायण भवन कि कुछ शेयरिंग :-

प्रियंका पंत :- मैं एक ३२ वर्षीय उज्ज्वल सितारा हूं जो एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत हूं और मेरे पति आयकर विभाग में कार्यरत हैं। दिल्ली में रहने वाली मेरी सहकर्मी का २०१७ में उसकी शादी के एक साल बाद ही तलाक हो गया। उसके बाद से हम उसके परिवार के साथ उसके लिए एक उपयुक्त वर की तलाश कर रहे थे। हमने जीवनसाथी में भी उसकी प्रोफाइल बनाई लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद मैंने नवंबर २०२१ में एनआरएसपी से जुड़ी और उसके लिए शादी के लिए कर्म उपचार शुरू किया। मैंने अपने बॉस की आलोचना न करने की ठान ली, जो भी स्थिति हो क्योंकि भोजन में, मैं पहले से ही बहुत सीमित खाती हूं। इसलिए मैंने किसी की विशेष रूप से अपने बॉस की आलोचना न करने का यह प्रयास किया। हमारे लिए पूरी तरह से आश्चर्य की बात है कि हमने उस कार्मिक उपचार के एक महीने के भीतर उसके लिए एक उपयुक्त लड़का मिल गया। लड़के और उसके परिवार ने मेरी सहेली को खुले दिल से स्वीकार किया है। लड़के में ठीक वही गुण हैं जो राज दीदी हीलिंग में कहते हैं। आपका असीम धन्यवाद। जब भी किसी ने मेरे साथ अशिष्ट व्यवहार किया, तो मैंने कहा कि में तुमसे प्यार करती हूँ, मैं तुम्हें पसंद करती हूँ और मैं तुम्हारे मन में कोई नकारात्मक विचार पैदा करने के बजाय तुम्हारा सम्मान करती हूँ। ये शब्द जादू हैं। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि बस इन तीन शब्दों को ध्यान में रखें और आपका जीवन पूरी तरह से सकारात्मकता में बदल जाएगा। मैं बहुत

सकारात्मक हूं, और मेरे घर और कार्यस्थल का माहौल पूरी तरह से बदल गया है।

उज्ज्वला काले :- दीदी १८-२० साल पहले मुझमें ये अहंकार आ गया था की मेरा मन बहुत strong है। अगर मेरे जीवन में कुछ हुआ तो भी मुझे कुछ नहीं लगेगा। यहाँ तक कि एकलौती बेटी को भी कुछ हो जाता है तो मुझे कुछ नहीं लगेगा उसका परिणाम ऐसा हुआ की उसके दो साल बाद बेटी थोडी disturb हो गई। उससे घर में सबको बहुत तकलीफ हुई। इन १८ साल में वो बीच- बीच में थोडी- थोडी परेशान हो जाती थी। आज वो MS in computer science है और विदेश मे अच्छी कंपनी में job कर रही है लेकिन उसे बीच- बीच में anxiety घेर लेती है। ऑफिस में उसकी प्रगति नारायण-नारायण हो गई है। आज वह २८ साल की है। हम ३ साल से उसके शादी के लिये लड़का देख रहे है। दीदी १० महीनो से आपका सत्संग YouTube पर नियमित कर रही हूं। बेटी के बारे में मेरी ही पूरी गलती है ये नारायण ने अभी याद दिलाया। नारायण का बहुत- बहुत धन्यवाद. दीदी please भवन में मुझे नारायण से माफी दिलाइए। आपसे जुडने के पहले दिन से ही आपकी कही सारी बातें follow कर रही हूं और दूसरों को भी बताती हूं। ७-८ मेरे रिश्तेदार भी रोज सत्संग नियमित कर रहे है।



अजीता खन्ना को सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद।

संतोष लड्ढा और लक्ष्मीकांत लढा को उनकी विवाह वर्षगांठ (३० अप्रैल) पर सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति, प्रगति, सेहत, सफलता से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद।

एक विश्वास

मेरी बेटी की शादी थी और मैं कुछ दिनों की छुट्टी ले कर शादी के तमाम इंतजाम को देख रहा था।

उस दिन सफ़र से लौट कर मैं घर आया तो पत्नी ने आकर एक लिफाफा मुझे पकड़ा दिया। लिफाफा अनजाना था लेकिन प्रेषक का नाम देख कर मुझे एक आश्चर्यमिश्रित जिज्ञासा हुई।

'अमर विश्वास' एक ऐसा नाम जिसे मिले मुझे वर्षों बीत गए थे।

मैंने लिफाफा खोला तो उस में १ लाख डालर का चेक और एक चिट्ठी थी।

इतनी बड़ी राशि वह भी मेरे नाम पर। मैंने जल्दी से चिट्ठी खोली और एक सांस में ही सारा पत्र पढ़ डाला।

पत्र किसी परी कथा की तरह मुझे अचंभित कर गया।

लिखा था,

आदरणीय सर, मैं एक छोटी सी भेंट आप को दे रहा हूं। मुझे नहीं लगता कि आप के एहसानों का कर्ज मैं कभी उतार नहीं पाऊंगा। ये उपहार मेरी अनदेखी बहन के लिए है। घर पर सभी को मेरा प्रणाम।

- आपका अमर।

मेरी आंखों में वर्षों पुराने दिन सहसा किसी चलचित्र की तरह तैर गये।

एक दिन मैं कोलकाता में टहलते हुए एक किताबों की दुकान पर अपनी मनपसंद पत्रिकाएं उलटज्पलट रहा था कि मेरी नज़र बाहर पुस्तकों के एक छोटे से ढेर के पास खड़े एक लड़के पर पड़ी। वह पुस्तक की दुकान में घुसते हर संभ्रांत व्यक्ति से कुछ अनुनय विनय करता और कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर वापस अपनी जगह पर जा कर खड़ा हो जाता।मैं काफी देर तक मूकदर्शक की तरह यह नज़ारा देखता रहा।

पहली नज़र में यह फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों द्वारा की जाने वाली सामान्य सी व्यवस्था लगी लेकिन उस लड़के के चेहरे की निराशा सामान्य नहीं थी। वह हर बार नई आशा के साथ अपनी कोशिश करता और फिर वही निराशा। मैं काफी देर तक उसे देखने के बाद अपनी उत्सुकता दबा नहीं पाया और उस लड़के के पास जा कर खड़ा हो गया।

वह लड़का कुछ सामान्य सी विज्ञान की पुस्तकें बेच रहा था।मुझे देख कर उस में फिर उम्मीद का संचार हुआ और बड़ी ऊर्जा के साथ उस ने मुझे पुस्तकें दिखानी शुरू कीं। मैंने उस लड़के को ध्यान से देखा। साफ-सुथरा, चेहरे पर आत्मविश्वास लेकिन पहनावा बहुत ही साधारण। ठंड का मौसम था और वह केवल एक हलका सा स्वेटर पहने हुए था। पुस्तकें मेरे किसी काम की नहीं थीं फिर भी मैंने जैसे किसी सम्मोहन से बंध कर उससे पूछा, 'बच्चे, ये सारी पुस्तकें कितने की हैं?'

'आप कितना दे सकते हैं, सर?'

'अरे, कुछ तुमने सोचा तो होगा।'

'आप जो दे देंगे,' लड़का थोड़ा निराश हो कर बोला।

'तुम्हें कितना चाहिए?' उस लड़के ने अब यह समझना शुरू कर दिया कि मैं अपना समय उस के साथ गुज़ार रहा हूं।

'५ हजार रुपए', वह लड़का कुछ कड़वाहट में बोला।

'इन पुस्तकों का कोई ५०० भी दे दे तो बहुत है।

मैं उसे दुखी नहीं करना चाहता था फिर भी अनायास मुंह से निकल गया।

अब उस लड़के का चेहरा देखने लायक था। जैसे ढेर सारी निराशा किसी ने उस के चेहरे पर उड़ेल दी हो। मुझे अब अपने कहे पर पछतावा हुआ।

मैंने अपना एक हाथ उस के कंधे पर रखा और उससे सांत्वना भरे शब्दों में फिर पूछा, 'देखो बेटे, मुझे तुम पुस्तक बेचने वाले तो नहीं लगते, क्या बात है.? साफ–साफ बताओ कि क्या ज़रूरत है?'

वह लड़का तब जैसे फूट पड़ा।

शायद काफी समय निराशा का उतार चढ़ाव अब उसके बरदाश्त के बाहर था।

'सर, मैं १०+२ कर चुका हूं। मेरे पिता एक छोटे से रेस्तरां में काम करते हैं।

मेरा मेडिकल में चयन हो चुका है। अब उसमें प्रवेश के लिए मुझे पैसे की ज़रूरत है। कुछ तो मेरे पिताजी देने के लिए तैयार हैं, कुछ का इंतजाम वह अभी नहीं कर सकते'। लड़के ने एक ही सांस में बड़ी अच्छी अंग्रेज़ी में कहा, 'तुम्हारा नाम क्या है?' मैंने मंत्रमुग्ध हो कर पूछा।

'अमर विश्वास।'

'तुम विश्वास हो और दिल छोटा करते हो।'

कितना पैसा चाहिए?'

'५ हजार।' अब की बार उस के स्वर में दीनता थी।

'अगर मैं तुम्हें यह रकम दे दूं तो क्या मुझे वापस कर पाओगे?

इन पुस्तकों की इतनी कीमत तो है नहीं,' इस बार मैंने थोड़ा हँस कर पूछा।

'सर, आपने ही तो कहा कि मैं विश्वास हूं।'

'आप मुझ पर विश्वास कर सकते हैं। मैं पिछले ४ दिन से यहां आता हूं, आप पहले आदमी हैं जिसने इतना पूछा।अगर पैसे का इंतजाम नहीं हो पाया तो मैं भी आपको किसी होटल में कप प्लेटें धोता हुआ मिलूंगा।' उसके स्वर में अपने भविष्य के डूबने की आशंका थी।

उसके स्वर में जाने क्या बात थी जो मेरे जेहन में उसके लिए सहयोग की भावना तैरने लगी। पर मस्तिष्क उसे एक जालसाज से ज्यादा कुछ मानने को तैयार नहीं था जबकि दिल में उसकी बात को स्वीकार करने का स्वर उठने

लगा था। आखिर में दिल जीत गया।

मैंने अपने पर्स से ५ हजार रुपए निकाले जिनको मैं शेयर मार्किट में निवेश करने की सोच रहा था और उसे पकड़ा दिए।

वैसे इतने रुपए तो मेरे लिए भी मायने रखते थे लेकिन न जाने किस मोह ने मुझ से वह पैसे निकलवा लिए।

'देखो बेटे, मैं नहीं जानता कि तुम्हारी बातों में तुम्हारी इच्छा शक्ति में कितना दम है लेकिन मेरा दिल कहता है कि तुम्हारी मदद करनी चाहिए, इसीलिये मैं ये कर रहा हूं।

तुमसे ४-५ साल छोटी मेरी बेटी भी है मिनी, सोचूंगा उसके लिए ही कोई खिलौना खरीद लिया।

मैंने पैसे अमर की तरफ बढ़ाते हुए कहा। अमर हतप्रभ था। शायद उसे यकीन नहीं आ रहा था। उसकी आंखों में आंसू तैर आए।

उसने मेरे पैर छुए तो आंखों से निकली दो बूंदें मेरे पैरों को चूम गई।

'ये पुस्तकें मैं आप की गाड़ी में रख दूं?'

'कोई ज़रूरत नहीं. इन्हें तुम अपने पास रखो।'

यह मेरा कार्ड है जब भी कोई ज़रूरत हो तो मुझे बताना।'

वह मूर्ति बन कर खड़ा रहा और मैंने उस का कंधा थपथपाया। कार स्टार्ट कर आगे बढ़ा दी।

कार को चलाते हुए वह घटना मेरे दिमाग में घूम रही थी और मैं अपने खेले जुए के बारे में सोच रहा था जिसमें अनिश्चितता ही ज्यादा थी। कोई दूसरा सुनेगा तो मुझे एक भावुक मूर्ख से ज्यादा कुछ नहीं समझेगा। अत: मैंने यह घटना किसी को न बताने का फैसला किया। दिन गुजरते गए।

अमर ने अपने मेडिकल में दाखिले की सूचना मुझे एक पत्र के माध्यम से दी। मुझे अपनी मूर्खता में कुछ मानवता नज़र आई। एक अनजान सी शक्ति में या कहें दिल में अंदर बैठे मानव ने मुझे प्रेरित किया कि मैं हजार २ हजार रुपए उसके पते पर फिर भेज दूं।'

भावनाएं जीतीं और मैंने अपनी मूर्खता फिर दोहराई। दिन हवा होते गये। उसका संक्षिप्त सा पत्र आता जिसमें चार लाइनें होतीं। दो मेरे लिए, एक अपनी पढ़ाई पर और एक मिनी के लिए।जिसे वह अपनी बहन बोलता था।

मैं अपनी मूर्खता दोहराता और उसे भूल जाता। मैंने कभी चेष्टा भी नहीं की कि उसके पास जा कर अपने पैसे का उपयोग देखूं और न कभी वह मेरे घर आया।

कुछ साल तक यही क्रम चलता रहा।

एक दिन उसका पत्र आया कि वह उच्च शिक्षा के लिए आस्ट्रेलिया जा रहा है। छात्रवृत्तियों के बारे में भी बताया था और एक लाइन मिनी के लिए लिखना वह अब भी नहीं भूला। मुझे अपनी उस मूर्खता पर दूसरी बार फख्र हुआ, बिना उस पत्र की सचाई जाने।

समय पंख लगा कर उड़ता रहा।

अमर ने अपनी शादी का कार्ड भेजा। वह शायद आस्ट्रेलिया में ही बसने के विचार में था। मिनी भी अपनी

पढ़ाई पूरी कर चुकी थी। एक बड़े परिवार में उस का रिश्ता तय हुआ था। अब मुझे मिनी की शादी लड़के वालों की हैसियत के हिसाब से करनी थी। एक सरकारी उपक्रम का बड़ा अफसर कागजी शेर ही होता है।

शादी के प्रबंध के लिए ढेर सारे पैसे का इंतजाम... उधेड़बुन... और अब वह चेक?

मैं वापस अपनी दुनिया में लौट आया। मैंने अमर को एक बार फिर याद किया और मिनी की शादी का एक कार्ड अमर को भी भेज दिया। शादी की गहमागहमी चल रही थी। मैं और मेरी पत्नी व्यवस्थाओं में व्यस्त थे और मिनी अपनी सहेलियों में। एक बड़ी-सी गाड़ी पोर्च में आ कर रुकी। एक संभ्रांत से शख्स के लिए ड्राइवर ने गाड़ी का गेट खोला तो उस शख्स के साथ उस की पत्नी जिसकी गोद में एक बच्चा था, भी गाड़ी से बाहर निकले। मैं अपने दरवाजे पर जा कर खड़ा हुआ तो लगा कि इस व्यक्ति को पहले भी कहीं देखा है।

उसने आ कर मेरी पत्नी और मेरे पैर छुए. "सर, मैं अमर..." वह बड़ी श्रद्धा से बोला। मेरी पत्नी अचंभित सी खड़ी थी। मैंने बड़े गर्व से उसे सीने से लगा लिया। उसका बेटा मेरी पत्नी की गोद में घर-सा अनुभव कर रहा था।

मिनी अब भी संशय में थी। अमर अपने साथ ढेर सारे उपहार ले कर आया था। मिनी को उस ने बड़ी आत्मीयता से गले लगाया। मिनी भाई पा कर बड़ी खुश थी। अमर शादी में एक बड़े भाई की रस्म हर तरह से निभाने में लगा रहा। उसने न तो कोई बड़ी जिम्मेदारी मुझ पर डाली और न ही मेरे चाहते हुए मुझे एक भी पैसा खर्च करने दिया। उसके भारत प्रवास के दिन जैसे पंख लगा कर उड़ गये।

इस बार अमर जब आस्ट्रेलिया वापस लौटा तो हवाई अड्डे पर उसको विदा करते हुए न केवल मेरी बल्कि मेरी पत्नी, मिनी सभी की आंखें नम थीं।

हवाई जहाज ऊंचा और ऊंचा आकाश को छूने चल दिया और उसी के साथ- साथ मेरा विश्वास भी आसमान छू रहा था। मैं अपनी मूर्खता पर एक बार फिर गर्वित था और सोच रहा था कि इस नश्वर संसार को चलाने वाला कोई भगवान और हमारा विश्वास ही है।

खूबसूरत कर्जा

विवाह के दो वर्ष हुए थे जब सुहानी गर्भवती होने पर अपने घर पंजाब जा रही थी। पति शहर से बाहर थे। गाड़ी को पांचवे प्लेटफार्म पर आना था। गर्भवती सुहानी को सातवाँ माह चल रहा था। सामान अधिक होने से एक कुली से बात कर ली। बेहद दुबला पतला बुजुर्ग पेट पालने की विवशता उसकी आँखों थी। एक याचना के साथ सामान उठाने को आतुर। सुहानी ने उसे पंद्रह रुपये में तय कर लिया और टेक लगा कर बैठ गई। तकरीबन डेढ़ घंटे बाद गाडी आने की घोषणा हुई। लेकिन वो बुजुर्ग कुली कहीं नहीं दिखा। कोई दूसरा कुली भी खाली नज़र नही आ रहा था। ट्रेन छूटने पर वापस घर जाना भी संभव नही था। रात के साढ़े बारह बज चुके थे। सुहानी का

मन घबराने लगा। तभी वो बुजुर्ग दूर से भाग कर आता हुआ दिखाई दिया। बोला चिंता न करो बिटिया हम चढ़ा देंगे गाडी में। भागने से उसकी साँस फूल रही थी। उसने लपक कर सामान उठाया और आने का इशारा किया। सीढ़ी चढ़ कर पुल से पार जाना था क्योकि अचानक ट्रेन ने प्लेटफार्म चेंज करा था जो अब नौ नम्बर पर आ रही थी। वो साँस फूलने से धीरे धीरे चल रहा था और सुहानी भी तेज चलने हालत में न थी। गाडी ने सीटी दे दी। भाग कर अपना स्लीपर कोच का डब्बा ढूंढा।

डिब्बा प्लेटफार्म खत्म होने के बाद इंजिन के पास था। वहां प्लेटफार्म की लाईट भी नहीं थी और वहां से चढ़ना भी बहुत मुश्किल था।

सुहानी पलटकर उसे आते हुए देख ट्रेन मे चढ़ गई। तुरंत ट्रेन रेंगने लगी। कुली अभी दौड़ ही रहा था। हिम्मत करके उसने एक- एक सामान रेलगाड़ी के पायदान के पास रख दिया। अब आगे बिलकुल अन्धेरा था। जब तक सुहानी ने हडबडाये कांपते हाथों से दस का और पांच का का नोट निकाला। तब तक कुली की हथेली दूर हो चुकी थी। उसकी दौड़ने की रफ़्तार तेज हुई। मगर साथ ही ट्रेन की रफ़्तार भी। वो बेबसी से उसकी दूर होती खाली हथेली देखती रही। और फिर उसका हाथ जोड़ना नमस्ते और आशीर्वाद की मुद्रा में।

उसकी गरीबी... उसका पेट... उसकी मेहनत... उसका सहयोग ...।

सब एक साथ सुहानी की आँखों में कौंध गए। उस घटना के बाद सुहानी डिलीवरी के बाद दुबारा स्टेशन पर उस बुजुर्ग कुली को खोजती रही मगर वो कभी दुबारा नही मिला।

आज वो जगह जगह दान आदि करती है मगर आज तक कोई भी दान वो कर्जा नहीं उतार पाया उस रात उस बुजुर्ग की कर्मठ हथेली ने किया था। सच है कुछ कर्ज कभी नही उतारे जा सकते।

ड्रायवर से दूरी

कभी आपको बस की सबसे पीछे वाली सीट पर बैठने का मौका लगा है। यदि नही; तो कभी गौर करना, और हाँ; तो आपने महसूस किया होगा कि पीछे की सीट पर धक्के ज्यादा महसूस होते है। चालक तो सबके लिए एक ही है। बस की गति भी समान है। फिर ऐसा क्यों ? साहब जिस बस में आप सफर कर रहे है उसके चालक से आपकी दूरी जितनी ज्यादा होगी - आपकी यात्रा में धक्के भी उतने ही ज्यादा होंगे।

आपकी जीवन यात्रा के सफर में भी जीवन की गाड़ी के चालक परमपिता से आपकी दूरी जितनी ज्यादा होगी आपको ज़िन्दगी में धक्के उतने ही ज्यादा खाने पड़ेंगे। अपनी रोज़ की दिनचर्या में यथासंभव कुछ समय अपने आराध्य के समीप बैठो और उनसे अपने मन की बात एकदम साफ शब्दों में कहो। आप स्वयं एक अप्रत्याशित चमत्कार महसूस करें।

Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyo,

| | Narayan Narayan | |

Hearty congratulations to all of you on the first birthday of your beloved on-line Narayan Bhavan.

I would like to share my feelings about the Narayan Bhavan. When the proposal was put forward to the trust by the team, despite being a new idea, everyone agreed and as usual the team got engaged in the work. I had a firm belief that we will be successful because of the love and affection NRSP has been getting over a period of time. When Narayan Bhavan completed its first nine days, it was decided that the Bhavan (prayer room) should be extended till Hanuman Jayanti in view of the immense participation of the Satsangis. When the Bhavan was extended till Hanuman Jayanti, the Satsangis requested to prolong it for another 56 days. By the time the 56 days were over, seeing the support of the Satsangis and the benefits that the Narayan Bhavan Satsang would bring, the team with the family's support, decided to continue the Narayan Bhavan.

Initially the thought came how it will work like having two prayer sessions every day as compared to weekly satsang. Then an inner voice whispered - if there is a demand to continue this Bhavan again and again, I am feeling elated to continue the Bhavan, the super excited team is coming with new suggestions, then it is Narayan's wish because of which the Bhavan is functional.

The Brahma Muhurta session and the Afternoon session along with all the responsibilities have been feasible in the best of manner. I bow down again and again before Mother nature to choose me and my team for this good work. A belief was strengthened that if you honestly, give your 100% to any task, then nature returns it to you in multiples. Hearty congratulations to all of you on the first birthday of our beloved Narayan Bhawan and for the many more birthdays to come.

Rest fine

R. Modi

CO-EDITOR

Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM

Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office

Rajasthani Mandal Office, Basement Rajnigandha Building, Krishna Vatika Marg, Gokuldham, Goregaon (East), Mumbai - 400 063.

Editorial Office

Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

Amravati - Tarulata Agarwal	:	9422855590
Ahmedaba - C. A. Jaiwini Shah	:	9712945552
